# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी।

**E-mail ID.- eerwdgogri@gmail.com**

पत्रांक 724 का०प्र०गोगरी,दिनांक 01.06.2021.

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोगरी।

सेवा में,

मेसर्स - दिविज कंस्ट्रक्शन
शुक्ला कॉलनी पटना बिहार

विषय :- आपके द्वारा एकरारित योजना PMGSY योजना-अंतर्गत -सड़क के भाटोला तक पथ/पुल में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पैकेज संख्या- BR17R-010 करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक दिनांक 30.05.2021 को विभागीय सचिव महोदय द्वारा दिये गये दिशा निदेश के आलोक में कहना है कि आपके द्वारा एकरारित पथ/पुल में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य निर्धारित अवधि तक सुनिश्चित करना था। दूरभाष पर अनेको बार उक्त पथ/पुल का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने हेतु स्मारित किया गया है, परन्तु आपके उदासीनता रवैये के कारण उपरोक्त पथ/पुल में अभी तक पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण पथ/पुल की स्थिति खराब हो गई है।

अतः PMGSY SBD की कंडिका 32, 52(2) (C) एवं 52.3 के आलोक में आपको अंतिम रूप से स्मारित किया जाता है कि तीन दिनों के अंदर पथ/पुल का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण कर दें, अन्यथा आपके द्वारा किये गये एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि से विभागीय कार्य कराते हुए आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी।

O/C

इसे अतिआवश्यक समझें।

विश्वासभाजन

1.6.21

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, गोगरी।

Ravi/Letter-2